Veer Baal
DIWAS

छाजू राम शिक्षण महाविद्यालय में वीर बाल दिवस मनाया गया

-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 25 दिसम्बर : हिंद की चादर गुरु गोविंद सिंह जी के वीर सपूतों की शहीदी के अवसर पर नाटक मंचन किया। विद्यार्थियों ने वीर सिंह सपूतों की निर्भीकता और ओजस्विता को अपने नाटक में प्रदर्शित किया।

डॉ शालिनी गुप्ता जी ने मंच संचालन करते हुए सिख गुरु परम्परा पर प्रकाश डाला। श्री प्रेमसुख जी ने सर्व वंश दानी श्री गुरु गोविंद सिंह जी संघर्ष और बलिदान को छात्रों के सामने रखा।

प्राचार्या डॉ पूर्णिमा देवी ने इस अवसर पर छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि वीर पुत्रों से प्रेरणा लेकर जीवन में हमें देशहित में प्राणों का उत्सर्ग करने के तैयार रहना चाहिए। इस अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जिसके परिणाम इस प्रकार हैं - प्रथम मीनाक्षी, द्वितीय मोनिका, तृतीय मुस्कान, इस अवसर समस्त प्राध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे।